प्रेस नोट

जनपद शाहजहाँपुर

आगामी चुनाव के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस का विशेष अभियान, आपराधिक गैंगों एवं उनके सदस्यों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी, चुनाव में शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

आगामी चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अन्तर्गत जनपद में सक्रिय संगठित आपराधिक गैंगों, उनके गैंग लीडरों एवं सदस्यों को चिन्हित कर उनका विस्तृत आपराधिक विवरण संकलित किया जा रहा है। साथ ही उनकी वर्तमान गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आगामी चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, अवांछनीय हस्तक्षेप अथवा असामाजिक तत्वों द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित न की जा सके।

पंजीकृत गैंग का विवरण

क्रम सं0	सर्किल	कुल गैंग	वर्ष 2026 में पंजीकृत गैंग	गैंग पंजीकरण अपराध शीर्षक								
				लूट/ स्नैचिंग	चोरी/ नकबजनी	वाहन चोरी	पशु तस्करी	एनडीपीएस	हत्या	डकैती	गौवध	अन्य/ फिरौती हेतु अपहरण
1	नगर	14	1	4	2	1	2	1	0	0	0	4
2	सदर	18	7	1	10	0	2	0	0	1	3	1
3	तिलहर	25	1	7	4	0	5	1	2	2	2	2
4	परशुरामपुरी	12	1	4	1	4	0	0	0	1	0	2
5	पुवायां	12	2	2	4	0	2	0	0	2	1	1
कुल योग		81	12	18	21	5	11	2	2	6	6	10